अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ

दि.   /   /

प्रिय साथी,

काफी अर्से बाद संघ कार्यकारिणी की, बैठक ता. १३.०४.१९९७ को दिल्ली में संपन्न हुई। संघाध्यक्ष कै. उत्तमरावजी राठोड के दुखद निधन के कारण अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ के अध्यक्ष पद पर जाने माने नेता श्री. सुधाकररावजी नाईक को सर्व सम्मती से चुना गया। नाईक साहब के नेतृत्व में संघ की गतीविधीयाँ सुचारु रुपसे परिणामकारक एवं कारगर होंगी। इनके नेतृत्व का अच्छा असर केन्द्र तथा राज्य स्तरपर जल्द ही नजर आएगा।

कार्यकारीणी सभा में कुछ साथीयों ने निर्भयता पुर्वक अपने प्रामाणिक विचार व्यक्त किए और इस कारण हम सभी संघ के कार्यकर्ताओ के प्रती कर्तव्य बद्ध है की, हम सकारात्मक तथा वास्तव पूर्ण सुझाव उनके सम्मूख प्रस्तुत करें। मै आशा करता हूँ की इन साथीयों की टिका टिप्पणी को सभी कार्यकर्ता सौहार्द पूर्वक तथा सच्चे दिलसे, सही मानों में स्विकृत करेगें।

जैसे के सभा में सुचीत किया गया था संघ का राज्य स्तरीय अधिवेशन उडिसा में स्थित नवापाडा गाँव में नियोजित है। यह क्षेत्र मध्यप्रदेश के छत्तीस गढ इलाके के साथ हैं। मै आपसे अनुरोध करता हूँ की आप इस अधिवेशन में उपस्थित रहकर उसे कामयाब बनाये और वर्किंग कमिटी (कार्यकरिणी सभा) में नये रक्त संचारण करने का हेतू यथावकाश प्रयत्न करें। संघ के अभिजात एवं उदात्त उद्देश्यों की प्राप्ती हेतू उपरोक्त टिका टिप्पणी के बजाय आपके सौहार्द पूर्ण तथा सक्रिय सहभाग कि अत्यंत जरुरत है।

कार्यकारिणी में व्यक्त किए गये कई सुझावों में युवाओं का संघ की गती विधीयों में सहभाग के बारेमे तिव्र चर्चा हुई। यह ध्यान में रखना जरुरी है कि, सफलता के लिए बुजूर्गों का होश और युवाओं का जोश साथ में लानें की जरुरत है।

दिल्ली में संघ का मुख्यालय / कार्यालय हो इस हेतू कार्यकारिणी में सुझाव किया गया था। इसदमपर संघ कि गतीविधीयों को योग्य तथा परिणामकारक बनाया जा सकेगा।

अखिल भारत के हमारे समाज के लोगों में तालमेल और मिलाप बढाने हेतू एक अभिनव कल्पना का सुझाव किया गया। साल में दो तिथीयाँ निश्चित की जाय। एक तिथी को उत्तर भारत में तथा दुसरी तिथी को दक्षिण भारत में समाज का सामूहिक विवाह समारंभ आयोजित किया जाए। इस समारोह में परंपरागत विवाह व्यवस्था में जो त्रुटीयाँ है जैसे दहेज और प्रतिष्ठा हेतू धन का लुटाना, वक्त का अपव्यय इसे हम टाल सकेगें।

इस गतीविधीसे समाज में नव चेतना और सुधार लाने का अच्छा अवसर उपलब्ध होगा। इस अभिनव कल्पना / सुझाव करा सभी ने तह दिलसे स्वागत किया ।

संघाध्यक्ष ने अपने भाषण में संघ की कार्यप्रणाली पर और संघ की गतीविधीयों की पणिामकारता पर बडे ठोस सुझाव दिए । उन्होंने संघके राज्य स्तरीय अधिवेशन के ;

आयोजनप्रर बल देते हुए यह भी कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का युवा एवं महिलाओं का भी एक अधिवेशन लिया जाए । जहाँ सुसंवाद, दिलखोल चर्चा, संघ की कार्यप्रणाली तथा गतीविधीयों की परिणामकारकता को लेकर भरसक विचार विमर्श किया जाए।

बहरहाल इस हेतू एक नियोजित शिस्त बद्ध विषय सुची की समयसारणी तय की जाना जरूरी है। ताकी हम अपने इस अभिजात कार्य में सफलता पा सके ।

उडिसा में राज्यस्तरीय अधिवेशन के आयोजन हेतू कार्यकारणी में व्यक्त की गई सूचनाओं के नूसारं कार्यवाही जारी है । उडिसा तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रीयों को इस सबंध में सपर्क किया जा चूका है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अधिवेशन में उपस्थित रहने की अनुमती भी दी है।

मै अनुरोध करता हूँ की, आपके जो भी सुझाव या कल्पनाएँ हो वह आप अध्यक्ष महोदय या महामंत्री को आवश्यक लिख भेजें ।

शुभ कामनाओं के साथ

SECRETARY
All India Banjara Seva Sangh

अध्यक्ष
श्री. सुधाकरराव नाईक
अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ,
१६९, दक्षिण पथ, तीन मुर्ती के बाजू में,
नयी दिल्ली

महामंत्री
श्री. राजाराम राठोड
अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ,
वंसतराव नाईक महाविद्यालय,
चिकलठाणा रोड, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)